13 क्रेन और 12 पोकलेन से होगा विसर्जन
जुलूस मार्गों पर 1665 एलईडी लाइटें लगाईं

प्रतिमा विसर्जनः सातों घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, 184 गोताखोर तैनात

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भोपाल में नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

डोल ग्यारस से शुरू हुआ प्रतिमा विसर्जन अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। शहर के प्रमुख सात विसर्जन घाटों पर सुरक्षा के लिए 13 क्रेन, 12 पोकलेन और 184 गोताखोर तैनात किए गए हैं। घाटों पर लोगों के पानी में उतरने पर रोक रहेगी।

नगर निगम दो दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतिमा संग्रहण के लिए स्टॉल लगाएगा। इनमें लालघाटी चौराहा, गांधी नगर, करोंद चौराहा, कोलार, रायसेन रोड और अवधपुरी सहित अन्य स्थान शामिल हैं। पूजा के बाद लोग प्रतिमाएं इन स्टॉलों पर दे सकेंगे, जिसके बाद नगर निगम सामूहिक रूप से उनका विसर्जन करेगा।

खटलापुरा, प्रेमपुरा, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, हथाईखेड़ा बांध, शाहपुरा और आर्च ब्रिज सहित प्रमुख घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस नियंत्रण कक्ष से भी इन घाटों पर निगरानी रखी जाएगी। घाटों पर जीवन रक्षक जैकेट, लाइफ ब्वॉय, ट्यूब, रस्सी के बंडल और उद्घोषणा प्रणाली उपलब्ध रहेगी। तैराकों और नगर निगम कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

विसर्जन जुलूस और चल समारोह के मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। प्रेमपुरा, रानी कमलापति, शाहपुरा, खटलापुरा, हथाईखेड़ा, मालीखेड़ी और बैरागढ़ घाटों पर 1090 एलईडी फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। वहीं, चल समारोह के मार्गों पर 575 अतिरिक्त फ्लड लाइटें लगाई गई हैं।

आज और कल बंद रहेगा सैर सपाटा

मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई सैर सपाटा जो कि प्रेमपुरा घाट के पास स्थित है, शुक्रवार, 25 एवं शनिवार, 26 2026 को गणेश प्रतिमा विसर्जन को दृष्टिगत रखते हुए सैर सपाटा इकाई को दो दिवस के लिए बंद रखा जायेगा, पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। रविवार, 27 सितंबर से सैर सपाटा नियमित रूप से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

भारत भवन में 29 से भावसार के शिष्यों की चित्र प्रदर्शनी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारत भवन की रूपाभ प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत रंगदर्शनी दीर्घा में प्रख्यात कलागुरु लक्ष्मीनारायण भावसार की स्मृति को समर्पित उनके शिष्यों की समूह चित्र प्रदर्शनी 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ 29 सितंबर को शाम पांच बजे संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी करेंगे।

प्रदर्शनी में शीला गर्ग, आलोक भावसार, राजू राठौर, डॉ. वंदना शर्मा, निलेश उपाध्याय, शैलेन्द्र नामदेव, शंकर राजपूत, रविन्द्र भावसार, कल्पित सोनी और आदित्य भावसार की चित्र कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। भारत भवन के न्यासी सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कला प्रेमियों को प्रदर्शनी में आमंत्रित किया है। प्रदर्शनी प्रतिदिन दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

दस कलाकारों की कृतियां होंगी प्रदर्शित

4 अक्टूबर तक चलेगी

सुखड़िया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया के पिता पंकजभाई सुखड़िया के निधन पर दुख व्यक्त किया है। आपने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

विश्व रेबीज दिवस पर साइकिल रैली से बचाव के प्रति करेंगे जागरूक

नप्र, भोपाल : विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर 28 सितंबर को संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग और झपीगो के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली के माध्यम से आमजन को रेबीज की रोकथाम, बचाव के उपाय, समय पर उपचार और पशुओं के टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। साइकिल रैली 28 सितंबर को संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी परिसर से शुरू होगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली एमपीटी बोट क्लब पहुंचेगी, जहां इसका समापन किया जाएगा। रैली के दौरान रेबीज से बचाव और बीमारी की रोकथाम के उपायों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। विश्व रेबीज दिवस हर वर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रेबीज जैसी घातक बीमारी की रोकथाम के साथ ही इसके प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और बचाव के उपायों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है।

भीकाजी कामा की जयंती पर किया नमनः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में भीकाजी कामा का साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का भाव सभी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

कचरे से कला का संदेश, वेस्ट से आर्ट प्रतियोगिता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मानव संग्रहालय में वेस्ट से आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के अतिथि गृह में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक हुई प्रतियोगिता में कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने टिन, इस्तेमाल किए गए कागज, प्लास्टिक और अन्य अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री का उपयोग कर विभिन्न आकर्षक और रचनात्मक कलाकृतियां तैयार कीं। कार्यक्रम में उद्यानिकी अधिकारी धीर सिंह और मुख्य कलाकार ललित सुरेश बागुल की विशेष उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता रही। प्रतियोगिता का समन्वय दीपक चौधरी ने किया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अनुपयोगी सामग्री को कलात्मक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन के अंत में कर्मचारियों को अनुपयोगी वस्तुओं के रचनात्मक पुनः उपयोग और स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष पर सामूहिक गायन

नप्र, भोपाल : राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को भोपाल में 'नमामि भारतम्' सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे ई-4 अरेरा कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में होगा। इसमें विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक एक साथ संपूर्ण 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन करेंगे। देशभर में आयोजित इस अभियान के तहत 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और नागरिक एक साथ राष्ट्रगीत का गायन करेंगे।

अधिवक्ता से मारपीट मामले में निलंबित थाना प्रभारी ने जारी किया वीडियो

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अधिवक्ता से मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने और निलंबन के बाद जहांगीराबाद के तत्कालीन थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार ने वीडियो जारी किया है।

उन्होंने कहा कि वह बहुत कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल कुछ नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि सत्य सूर्य के समान होता है और एक दिन सच्चाई सामने आएगी। राजन सिंह ने वीडियो में एक महिला पुलिस अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह पुलिसकर्मियों को मानसिक तनाव देती हैं। उन्होंने अधिकारी को मामले से दूर रखने की मांग की। उनका कहना है कि सही समय पर तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पूरी सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें किसी गलत काम के लिए निलंबित नहीं किया गया है और उनके खिलाफ पहले किसी आपराधिक मामले में कार्रवाई नहीं हुई है।

यह वीडियो अधिवक्ता राकेश रावल की शिकायत पर राजन सिंह समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सामने आया। 22 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान रास्ता बंद होने को लेकर विवाद हुआ था। राकेश रावल ने आरोप लगाया कि थाने में उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसके बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने थाने और जिला अदालत के सामने प्रदर्शन किया था। पुलिस ने राजन सिंह के अलावा आरक्षक यश लखेरा और रामस्वरूप को भी निलंबित किया है। वहीं, आरक्षक हरि ओम वर्मा की शिकायत पर अधिवक्ता राकेश रावल के खिलाफ भी शासकीय कार्य में बाधा, अभद्रता और मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

महिला पुलिस अधिकारी पर लगाए मानसिक तनाव देने के आरोप

तथ्यों और साक्ष्यों से सामने आएगी सच्चाई

559 युवाओं को बिजली उत्पादन क्षेत्र में प्रशिक्षण

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत 559 युवाओं को ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित युवाओं को कंपनी के विभिन्न कार्यालयों और विद्युत गृहों में एक वर्ष का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण अवधि में पात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह 8 हजार से 10 हजार रुपये तक मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए जबलपुर स्थित कंपनी मुख्यालय के साथ प्रदेश के विभिन्न जल एवं ताप विद्युत गृहों में अवसर उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रीशियन, सूचना एवं संचार तकनीक एवं प्रणाली अनुरक्षण, कंप्यूटर संचालक एवं प्रोग्रामिंग सहायक, आशुलिपिक, सिविल इंजीनियरिंग, मानव संसाधन और लेखा सहित विभिन्न कार्यश्रेणियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सप्तवर्णी कला-साहित्य सृजन-शोध पीठ द्वारा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी प्रतिमान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन कोलार स्थित संस्था परिसर में किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता छह चक्रों में आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों से हिंदी भाषा और साहित्य से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विषय विशेषज्ञ डॉ. मंगला अनुजा और डॉ. विकास दवे उपस्थित रहे। डॉ. मंगला अनुजा ने भाषा, शिक्षा और मातृभाषा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने मातृभाषा के माध्यम से ज्ञानार्जन और अभिव्यक्ति की महत्ता बताई। डॉ. विकास दवे ने संस्था के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों में भाषा और साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने वाले आयोजनों को उपयोगी बताया। प्रतियोगिता में सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं अपर्णा चौबे और दीपा शर्मा विजेता रहीं। दोनों को दो-दो हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय की संध्या गौर और सोनाली चौहान उपविजेता रहीं। उन्हें 1500-1500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। संस्था की निदेशक डॉ. बिनय षडंगी राजाराम ने आभार व्यक्त किया।

मंत्री चैतन्य काश्यप ने भाजपा कार्यालय में सुनीं समस्याएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विभागीय कार्रवाई आवश्यक वाले प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान का प्रयास किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने प्रयोग से पृथ्वी की परिधि ज्ञात की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सरस्वती विद्या मंदिर, अशोका गार्डन में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रसार एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के संसाधन व्यक्ति मुकेश सातनकर के साथ पृथ्वी की परिधि, अक्षांश और दिशाएं ज्ञात करने के लिए प्रयोग किया।

इस प्रयोग में भोपाल के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली, सूरत और बेंगलुरु सहित विभिन्न शहरों के विद्यार्थियों के साथ साझा रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने भोपाल और दिल्ली के बीच की दूरी तथा सूर्य की ऊंचाई के अंतर के आधार पर पृथ्वी की परिधि ज्ञात की। प्रयोग में पृथ्वी की औसत परिधि 41,502 किलोमीटर प्राप्त हुई, जो पृथ्वी की ज्ञात परिधि के आसपास रही।

प्रौद्योगिकी *विज्ञान मेले में नवाचारों के साथ पारंपरिक हुनर की झलक*

स्थानीय संसाधनों पर आधारित मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बरकतउल्ला विश्वविद्यालय मैदान में 22 से 26 सितंबर तक आयोजित 13वें भोपाल विज्ञान मेले में आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ पारंपरिक कला, ग्रामीण तकनीक, कृषि नवाचार और स्थानीय संसाधनों पर आधारित आजीविका मॉडल प्रदर्शित किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भारती और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित मेले में रूरल टेक्नोलॉजी पेवेलियन विशेष आकर्षण बना हुआ है।

डिंडौरी के शिवम साहू का 'हैक दि रोबो' ह्यूमनॉइड रोबोट विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित संवाद, कंप्यूटर विजन और ऑब्जेक्ट पहचान जैसी क्षमताएं प्रदर्शित की गई हैं। रायसेन की संस्था ने केप्लर के गति नियमों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए हैं। भिंड के दीपक वर्मा का 'सेफ विजन डिस्टेंस सेंसर' भी प्रदर्शित किया गया है। मेले में मृदा परीक्षण किट, माइक्रो-वेदर स्टेशन और डेयरी फार्म के लिए कम लागत वाला 'डेयरीशील्ड प्रो' सैनिटाइजेशन उपकरण भी शामिल है। राजगढ़ के 75 वर्षीय रामप्रसाद विश्वकर्मा की प्योर मैकेनिकल वोटिंग मशीन का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा स्वयं-सफाई वाली पानी की टंकी, जैविक मृदा सुधारक, कबाड़ से बनाए तकनीकी मॉडल, कम लागत वाली एसटीईएम शिक्षण सामग्री और पारंपरिक हस्तशिल्प प्रदर्शित किए गए हैं। मेले में स्थानीय संसाधनों से रोजगार और आजीविका के अवसर विकसित करने की पहल भी दिखाई जा रही है।